# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान ( फेज-04 ) के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति महोबा पुलिस द्वारा निरंतर किया जा रहा है जागरुक-

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं / बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के तहत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आज दिनांक 22.08.2024 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर वृहद स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है । साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों यथा- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 22.08.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान पीडितों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया, प्राप्त जन समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश-

आज दिनांक 22.08.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना जा रहा है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं को लेकर आये उन सभी की समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने के स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाये जाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में सभी अधीनस्थों को निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर पर हो सकता है उन सभी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण थाना स्तर पर ही कराना सुनिश्चित किया जाये किसी भी फरियादी को परेशान न किया जाये; सभी से सम्मान पूर्वक बर्ताव किया जाये, निर्देशित किया गया कि घटना की तथ्यात्मक जानकारी करते हुये गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये याद रखे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना आपकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिये, किसी भी पीड़ित से गलत व्यवहार की सूचना प्राप्त होने पर कठोरतम कार्यवाही की जायेगी ।






## थाना कबरई की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक गतिविधियों को कारित करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अवैध शस्त्र की निर्माण, बिक्री व परिवहन की रोकथाम अभियान के क्रम में आज दिनांक 22.08.2024 को श्री सत्यम्, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कबरई श्री नागेन्द्र कुमार नागर द्वारा गठित की गई टीम के उ0नि0 प्रशान्त दीक्षित मय हमराह हे0का0 रामकरन सिंह व का0 अंकुश पाल के द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर 01 नफर अभि0 कमल पुत्र राम जी सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी मो0 राजेन्द्रनगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुए महोबा कानपुर खनिज बैरियर कस्बा व थाना कबरई के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना कबरई पर मु0अ0सं0 237/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

कमल पुत्र राम जी सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी मो0 राजेन्द्रनगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 प्रशान्त दीक्षित
2. हे0का0 रामकरन सिंह
3. का0 अंकुश पाल



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 22.08.2024
महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा 2023 के दौरान शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस एवं प्रशासनिक अधि./कर्म. की पुलिस लाइन महोबा में की गयी ब्रीफिंग, दिए गए आवश्यक निर्देश।

जनपद महोबा में आगामी दिनांक 23, 24, 25 एवं 30, 31 अगस्त 2024 को आयोजित होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद महोबा पुलिस अपनी तैयारियों में जुटी है. जिसके क्रम में आज दिनांक 22.08.2024 को श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा द्वारा जनपद महोबा में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को सुचितापूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सकुशल सम्पन्न कराए जाने व जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा द्वारा पुलिस लाइन महोबा में पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर ड्यूटी में नामित जनपदीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों की ब्रीफिग की गई। ब्रिफिंग में पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा प्रदत्त निर्देशो की बिंदुवार जानकारी प्रदान करते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने को लेकर बिंदुवार चर्चा कर सर्वसम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। जनपद महोबा में आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा के लिये 05 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा को नकलविहीन कराये जाने के लिये पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के नेतृत्व/निर्देशन पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। इसके लिये सभी परीक्षा केन्द्रों पर ही सीसीटीवी कन्ट्रोल रुम बनायें गये हैं।

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर जनपद महोबा में अभ्यर्थियों के सुगम आवागमन के लिये उनकी सहायतार्थ बस स्टैण्ड एवं रेलवे स्टेशन महोबा में पुलिस हेल्प डेस्क बनाये गये हैं तथा अभ्यर्थियों के ठहरने/विश्राम आदि की व्यवस्था हेतु महिला एवं पुलिस अभ्यर्थियों के लिए अलग-अलग स्थान बनाये गये हैं। जनपद महोबा पुलिस सभी परिक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) श्री मो0 मोइनुल इस्लाम, अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम्, पुलिस भर्ती बोर्ड आब्जर्वर क्षेत्राधिकारी श्री दिनेश कुमार सहित परीक्षा ड्यूटी में नामित समस्त पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 22.08.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद महोबा में होने वाली आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत सभी परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।

जनपद महोबा में आगामी दिनांक 23, 24, 25 एवं 30, 31 अगस्त 2024 को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा 2023 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद महोबा पुलिस अपनी तैयारियों में जुटी है. जिसके क्रम में आज दिनांक 22.08.2024 को श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा द्वारा भारी पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत पुलिस भर्ती परीक्षा हेतु निर्धारित सभी 05 परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर भौतिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरों की यथास्थिति, पर्याप्त प्रकाश एवं अन्य व्यवस्थाओ का अवलोकन कर सम्बन्धित से वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए साथ ही उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को सुचितापूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु सम्बन्धित केन्द्र प्रभारी से वार्ता कर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा जारी गाइड्लाइन् से अवगत कराते हुए परीक्षार्थियों को प्रदान की जाने विभिन्न भौतिक सुविधाओं को समय से सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम्, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, पीआरओ पुलिस अधीक्षक श्री अरविन्द सिंह गौर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 22.08.2024
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत "परिवार परामर्श केन्द्र" कमेटी के सदस्यों ने पारिवारिक मनमुटाव को दूर कर 01 परिवार को बिखरने से बचाया, परिवार में लौटी खुशियां-

आज दिनांक 22.08.2024 को श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा के निर्देशन पर पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में "परिवार परामर्श केन्द्र" कार्यक्रम का आयोजन महिला थाना प्रभारी श्रीमती सुषमा चौधरी की अध्यक्षता में समस्त सदस्यगणों की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें द्वारा पति-पत्नी के कई जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं की काउंसिलिंग/परामर्श कर उनकी समस्याओं को सुलझाया गया, जिसके परिणामस्वरुप पति-पत्नी के 01 जोडा आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हुए। जनपद महोबा पुलिस एवं परिवार परामर्श केन्द्र के सदस्यों के द्वारा किये गये सफल प्रयासों की सभी के परिवारीजनों ने धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

परिवार परामर्श के दौरान म0कां0 रेखा देवी, म0कां0 प्रगति, श्रीमती विभा पुरवार, श्रीमती अंशु शिवहरे, श्रीमती नीतू पालीवाल, श्री शिवकुमार गोस्वामी, श्री रामजी गुप्ता, श्री मो0 हनीफ आदि सम्मानित सदस्यगणों की मौजूदगी सराहनीय रही।

